### एक नजर में

## बोलिया में तहसील स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गरोठ।** ग्राम पंचायत बोलिया के खेल मैदान में आज तहसील स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन शासन के निर्देशानुसार तहसील स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत रखा गया, जिसमें क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संगीता देवी, अरुण मनीष पाटीदार, ग्राम पंचायत सरपंच चैनकुवर मांगीलाल पाटीदार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शेरूभाई शाह, राजेंद्र राठौड़, लालचंद चौधरी, मंडल मंत्री भाजपा दीपक बागवान, धर्मेंद्र गुप्ता, युवा नेता गोपाल बागवान, जगदीश राठौड़, विष्णु सेठिया, कचरूलाल विश्वकर्मा, घनश्याम बागवान, भाजपा मंडल मंत्री मुकेश प्रजापति, लखन प्रजापति, प्रेम नारायण प्रजापति सहित संकुल के सभी शिक्षकगण एवं बाहर से आए युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को खेलभावना और अनुशासन के साथ मैच खेलने का संदेश दिया गया। पूरे मैदान में उत्साह और उमंग का माहौल रहा।

## भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान गांव-गांव तक पहुंचा, संत समाज भी जुड़ा



**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के सभी 21 मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान जोश के साथ जारी है। कार्यकर्ता मंडल व बूथ स्तर पर तिरंगा यात्राएं निकालकर देशभक्ति के नारों व गीतों से माहौल गुंजायमान कर रहे हैं।

अभियान अब संत समाज तक भी पहुंच चुका है। सुवासरा मंडल में विधायक हरदीप सिंह डंग, दलौदा मंडल में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया व अन्य नेताओं ने गांव-गांव जाकर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। मंदसौर ग्रामीण मंडल में भाजपा पदाधिकारियों ने आचार्यों से भेंट कर जनजागृति का संदेश दिया।

धुधंडका मंडल के कुचड़ोद में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई और घर-घर ध्वज फहराकर राष्ट्रीय एकता व देशभक्ति का संदेश दिया गया। सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## भगवान की निष्काम भक्ति हो सुदामा की तरह और माता पिता की सेवा हो श्रवण कुमार की तरह : पं .दीक्षित

**सप्त दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन**



नवभारत न्यूज

**मंदसौर। समीपस्थ ग्राम कुंचड़ौद में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवतकथा समापन पर सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए व्यास पीठासीन भागवत प्रवक्ता पं. गोपालकृष्ण दीक्षित ने कहा सुदामा का जन्म लौकिक दृष्टि से चाहे निर्धन गरीब परिवार में क्यों ना हुआ परन्तु भगवद् भक्ति के संस्कार बचपन से ही सुदामा के मन अंतःकरण में दृढ़ बने हुए थे।**

सुदामा का शिक्षण उज्जैन में सांदीपनीजी के आश्रम में मथुरा के युवराज श्री कृष्ण के साथ हुआ। कृष्ण-सुदामा की परस्पर दृढ़ मित्रता हो गई थी। शिक्षापरान्त कृष्ण द्वारका के राजा बन गये। सुदामा की शादी हो गई। गरीबी के कारण सुदामा को अपने परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई आने लगी तब धर्मपत्नी ने जबरदस्ती सुदामा को अपने मित्र द्वारकाधीश के पास जाने की जिद करी। सुदामा ने यह सोचकर कि धन की तो उन्हें किंचित लालसा नहीं है परन्तु इसी बहाने बचपन के बाद भगवान कृष्ण के दर्शन हो जावेंगे और द्वारका पहुंचे। राजाधिराज भगवान कृष्ण ने जब सुदामा को फटेहाल दीन हीन दशा में नंगे पांव जंगलों से होकर कांटे से छलनी हुए पांवों को देखा तो भगवान कृष्ण ने अपने मित्र की ऐसी दशा देख रहा नहीं गया और बरबस कृष्ण की आंखों से झर झर इतने आंसू गिरे जिनसे सुदामा का पद प्रक्षालन हो गया। भगवान कृष्ण ने कहा कि सुदामा इतने कष्ट में परिवार सहित कष्ट में रहे मुझसे आकर क्यों नहीं मिले।

> कथा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी के अतिरिक्त पास के ग्रामवासियों ने कथा में समापन के अवसर पर भजन कीर्तन भक्ति नृत्य करते हुए भगवान से पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना की। अंत में प्रसाद वितरण हुआ। पौथी पूजन आरती मुख्य यजमान राधेश्याम मण्डोवरा परिवार और योग गुरू बंशीलाल टांक, पूर्व जनपद सदस्य गोपाल गुजरिया आदि ने किया।

## चन्द्रकला का डायलसीस का ईलाज जिला चिकित्सालय मंदसौर में होगा

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। मंदसौर जिले के ग्राम भाटरेवास के निवासी कन्हैयालाल जादव ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन दिया कि, उनकी पत्नि चन्द्रकला विगत कई वर्षों से बीमार है एवं दोनो किडनी खराब है और उनका ईलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।**



उन्हे सप्ताह में दो बार डायलसीस चल रही जिसमें काफी रूपये खर्च हो रहे है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने आवेदन को संज्ञान में लेकर श्रीमती चन्द्रकला की डायलसीस के ईलाज की व्यवस्था जिला चिकित्सालय में करवाई। कन्हैयालाल जादव की पत्नि का ईलाज जिला चिकित्सालय मंदसौर में होगा। इनको अब निजी अस्पताल का अधिक आर्थिक बोझ वहन नहीं करना पड़ेगा।

## आबकारी विभाग ने 30 पाव देशी -विदेशी मदिरा जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया

नवभारत न्यूज



**मंदसौर। आबकारी उप निरीक्षक कर्मेन्द्र सांवले द्वारा बताया गया कि अवैध रूप से मदिरा विक्रय, परिवहन, संग्रहण पर रोक लगाने हेतु कार्रवाई करते हुए कृषि उपज मंडी के पास से लोडिंग टेम्पो स्क्क 14 स्ट्ट 0617 से कुल 16 पाव ( देसी मदिरा प्लेन के 7 पांव, देशी मसाला के 7 पाव, रूष्ठ. व्हिस्की के 2 पाव ) बरामद किये तथा आरोपी के न मिलने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।** इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में कृषि उपज मंडी से ही एक आरोपी समीर पिता मुबारीक तेलमा को पल्सर बाइक स्क्क4हश्व 9396 से कुल 14 पाव (प्लेन देशी शराब के 11 पाव, स्ट्ठ व्हिस्की के 3 पाव) को विक्रय करते हुए पाए जाने पर गिरफ्तार किया। दोनों प्रकरणों में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) प्रकरण पंजीबद किए गए । उक्त प्रकरणों में जप्त शराब एवं दोनों वाहनों का मूल्य लगभग 233000 रुपए हैं। उक्त कार्रवाई में आबकारी आरक्षक केशव मेडतवाल, महेश कारपेंटर, सिद्धार्थ गुप्ता का विशेष योगदान रहा। पवित्र नगरी मंदसौर में मदिरा विक्रय, परिवहन, संग्रहण आदि पर रोक लगाने हेतु आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



## कलेक्टर, एडीएम एवं सीईओ ने अलग - अलग 55 मामलों में जनसुनवाई की

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन के सभाकक्ष में 55 आवेदकों की समस्याएं सुनी।** अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदसौर जिले के धुंधड़का निवासी आवेदक गोविन्द ने भूमि विवाद के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम मंदसौर को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के सोनगरी निवासी मुकेश ने अवैध दूकान निर्माण के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम मंदसौर को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के सरसोद निवासी दशरथ ने अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार दलोदा को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें।

**एक नजर** — ग्राम पंचायत नाटाराम के संयुक्त तत्वावधान में यात्रा का आयोजन

## नाटाराम में भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे



**नाटाराम/नाहरगढ़। तिरंगा हमारी शान है, हर घर तिरंगा अभियान है, चलो देश की एकता बढ़ाएं, हर घर तिरंगा फहराएं—इन नारों से आज आदर्श ग्राम नाटाराम देशभक्ति के रंग में रंग गया। अवसर था हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा का।**

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति एवं ग्राम पंचायत नाटाराम के संयुक्त तत्वावधान में इस यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजू जाट, सरपंच बापुलाल जाट, भेरूलाल गुर्जर, मध्यप्रदेश आंचलिक पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम राठौर, विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा, परामर्शदाता हरिओम गंधर्व, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कचनारा अध्यक्ष भगतराम राठौर, सचिव प्रेमसिंह राठौड़, पंच किशोर पाटीदार, रतनलाल पाटीदार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय नाटाराम के शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, नवांकुर सखी, सामाजिक कार्यकर्ता और नवांकुर संस्था के सदस्य तिरंगा यात्रा के मुख्य आकर्षण रहे। इस दौरान घर-घर तिरंगा लगाने और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संदेश पूरे जोश और उत्साह के साथ दिया गया।

# नीमच

### एक नजर में

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वेच्छ/ता अभियान के तहत सभी निकायों, मण्डियों, परिसरों में स्वच्छता के कार्य : कलेक्टर



**नीमच ।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वेच्छ ता अभियान के तहत जिले की सभी नगरीय निकायों के सभी वार्डो और मण्डीक परिसरों में स्वतच्छ,ता के लिए श्रमदान की गतिविधियॉ आयोजित की जाए। यह निर्देश कलेक्टणर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोकरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताचहिक समीक्षा बैठक में सभी सीएमओ और मण्डीम सचिव को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णेव, एडीएम लक्ष्मी गामड़, तीनो एसडीएम, संयुक्तक कलेक्ट र राजेश शाह एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टडर ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वरच्छशता अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए, कि सभी नगरीय निकायों के वार्डो में तिरंगा जागरूकता रैली, विभिन्नन विद्यालयों में प्रतियोगिताए एवं स्वकच्छेता की गतिविधियॉ आयोजित की जाए। इन गतिविधियों में अधिकाधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कलेक्टेर ने नीमच मण्डी में सभी उपजों की खरीदी प्रक्रिया ई-मण्डीं प्रणाली के माध्यएम से करने के निर्देश दिए। उन्होणने उप संचालक कृषि को एक सप्ताह में 10 हजार ऋणी एवं 2 हजार अऋणी किसानों को फसल बीमा योजना तहत पंजीयन करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्ट र ने नोडल जिला अधिकारियों से कहा, कि वे अपने आवंटित गांवों के भ्रमण दौरान स्वोस्य् न , शिक्षा, आंगनवाडी केंद्रों का निरीक्षण एवं समीक्षा अवश्यक करें। उन्हो ने कहा, कि बुधवार को सीएचओ स्त्र पर आयुष्मा न पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे है, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्य म से शेष रहे हितग्राहियों को मोबलाईज कर इन शिविरों में लाकर उनके आयुष्मा़न कार्ड बनवाए। कलेक्टशर ने समग्र ईकेवायसी के कार्य को शतप्रतिशत सेचुरेशन मोड पर ले जाने के निर्देश देते हुए कहा, कि नगरीय निकायों में बहुत ही कम समग्र ई-केवायसी शेष रहे है। सभी निकाय ई-केवायसी का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करवाएं। जनपद नीमच, जावद, मनासा को 10 हजार समग्र ईकेवायसी इस सप्ताकह करवाने के निर्देश दिए।

## स्लेट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**इंदौर .** सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (स्लेट) 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है . यह एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो लॉ एजुकेशन में भविष्य बनाना चाहते हैं . स्लेट एग्जाम की तारीख 20 दिसंबर और 28 दिसंबर तय की गई हैं . स्लेट एग्जाम का आयोजन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) द्वारा किया जाता है . यह एग्जाम पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों में अंडरग्रेजुएट लॉ कोर्सेस में एडिमशन के लिए ज़रूरी है . स्लेट 2026 एग्जाम देश भर के 68 शहरों में आयोजित किया जाएगा और इसे लॉ एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है . रजिस्ट्रेशन और पेमेंट प्रक्रिया 30 नवंबर, 2025 (रविवार) को बंद हो जाएगी . एडमिट कार्ड 11 दिसंबर, 18 दिसंबर को जारी किए जाएंगे . प्रत्येक उम्मीदवार के एडमिट कार्ड पर एग्जाम टाइमिंग लिखी होगी, जिसे उम्मीदवार ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। इस एग्जाम का रिजल्ट 15 जनवरी को जारी किया जाएगा .




## एचआईवी जागरूकता हेतु सघन अभियान का शुभारंभ

**जागरूकता रैली के माध्यम से दिया संदेश**

नवभारत न्यूज

**नीमच। राज्य स्तर से प्राप्त निदेषज़नुसार पूरे प्रदेष के साथ नीमच जिले में भी एच.आई.वी. जागरूकता हेतु सघन अभियान का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर जनजागरूकता रैली का आयोजन , रांगोली निमाज़्ण , एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया गया ।** रैली को प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संगीता भारती,,सिविल सजज़्न सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेन्द्र पाटील, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल.सिसोदिया, नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव, डॉ तनु जैन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय से रवाना किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निदेषज़नुसार प्रदेष में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक एच.आई.वी. एड्स जागरूकता हेतु विषेष सघन जागरूकता अभियान का आयोजन हो रहा। आंकाक्षी अभियान होकर इस अभियान में 15 से 49 आयुवगज़् के व्यक्ति्यों में एच.आई.वी के प्रति जागरूकता के विशेष प्रयास किए जाएंगे

> जागरूकता रैली में एच .आई .वी . के कारण , लक्षण और इससे बचने के तरीके के बारे में नारो एवं तख्तीयों के माध्यम से जागरूक किया गया। रैली जिला चिकित्सालय नीमच से प्रारंभ होकर एस .पी . आफ्सि , फ्व्वारा चैक, बस स्टैण्ड , कमल चैक , फरुट माकेज्ट होते हुए पुन : जिला चिकित्सालय पर समाप्त हुई । रैली में विहान सी .एच .सी . ,लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना स्वयंसेवी संस्था , ए .आर .टी . केन्द्र का स्टाफॅउपस्थित था।

## स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग प्रतियोगिताएं संपन्न



**नीमच।** शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद में प्राचार्य की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छताॅ स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी एवं तिरंगा बुनाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता सयोजंक के रूप में डॉ. पिंकी कौर एवं डॉ. संध्या डूंगरवाल उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में तिरंगा रंगोली में प्रथम स्थान नेहा कटारिया बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कोमल धाकड व आरती लोढा बी.ए.प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया, तिरंगा राखी में प्रथम स्थान प्रिया जोशी बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान एकता गोस्वामी बी.ए.प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं के दौरान महाविद्यालयीन स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## मनासा में आयुर्वेद चिकिपसा शिविर सम्पवन्न

**63 मरीजों ने लिया स्वा स्य्म् लाभ**

**नीमच 12 अगस्ता 2025ए शासकीय आयुवेज़्द औषधालय मनासा द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉण् आशीष बोरना के निदेज़्शन में निरूशुल्क आयुवेज़्द चिकित्सा शिविर मंगलवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनासा में आयोजित किया गया।** शिविर में आमवातए संधिवातए उदर रोगए विबंधए श्वासएकासएप्रतिश्यायए रक्त अल्पताए उच्च रक्तचापएस्त्रीरोगए मधुमेह आदि बिमारियों की जांच कर निशुल्क औषधिया वितरित की । साथ ही गभज़्वती महिलाओं को गभाज़्वस्था के लिए स्वस्थ आहार के बारे मे जानकारी दी एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मौसमी बीमारी से बचाव के बारे में बताया। शिविर में कुल 63 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया

शिविर में डॉ मदनलाल पाटीदार ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर अयोध्या प्रसाद अहिरवार श्रीमति नीरूबालाए श्रीमति रेखा बैरागी ने भी सहयोग किया।

## स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अंतर्गत प्रतियोगिताएं

**जावद ।** गवर्नमेंट महात्मा गांधी महाविद्यालय में प्राचार्य की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छताॅ स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी एवं तिरंगा बुनाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह-उमंग एवं देशभक्ति की भावनाओं के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता सयोजंक के रूप में डॉ. पिंकी कौर एवं डॉ. संध्या डूंगरवाल उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में तिरंगा रंगोली में प्रथम स्थान नेहा कटारिया बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कोमल धाकड व आरती लोढा बी.ए.प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया, तिरंगा राखी में प्रथम स्थान प्रिया जोशी बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान एकता गोस्वामी बी.ए.प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

**एक नजर** — डॉ . एसआर रंगनाथान की 133 वीं जयंती पर पुस्तकालय परिचय कार्यक्रम का आयोजन

## छात्रों को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया



**नीमच।** भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष्य में, गर्वमेंट महात्मा गांधी महाविद्यालय, जावद में पुस्तकालय परिचय कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकालय के महत्व और उपलब्ध आधुनिक संसाधनों की जानकारी देना था।

कायज़्क्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष पुरषोत्तम नामदेव ने डॉ. रंगनाथन के जीवन और उनके पुस्ताकालय विज्ञान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुस्तकालय प्रबंधन के पाँच बुनियादी नियमों की व्याख्या की और बताया कि ये नियम आज भी कितने प्रासंगिक हैं: 1. पुस्तकें उपयोग के लिए हैं, 2. हर पाठक को उसकी पुस्तक मिले, 3. हर पुस्तक को उसका पाठक मिले 4. पाठक का समय बचाएं, 5. पुस्तकालय एक जीवंत संस्था है। नामदेव ने विद्यार्थियों को ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ़ इंडिया (ह्लष्ठद्य) और ई-पीजी पाठशाला जैसे डिजिटल संसाधनों का उपयोग करने का व्यावहारिक तरीका भी समझाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये डिजिटल प्लेटफॉमज़् छात्रों के शोध और शैक्षिक कायोज़्ं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर, प्रभारी प्राचायज़् डॉ. राजेश मुजाल्दा ने भी छात्रों को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया व शैक्षणिक जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में महाविद्यायलीन छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।


**NAME CHANGE**

I **TASNEEM W/O ABUZAR** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO **TASNEEM JAORAWALA W/O ABUZAR.** HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS **TASNEEM JAORAWALA W/O ABUZAR** FOR ALL FUTURE PURPOSES.
**ADDRESS:** 06, BURHANEE NAGAR MANDSAUR MADHYA PRADESH-458001.

**NAME CHANGE**

It is hereby informed to all concerned that I, **SAFDAR ALI, s/o ABDULLAH BHAI,** In my old passport the first name is written as **SAFDAR ALI** whereas **SAFDAR** is my first name and **ALI** is my surname. Henceforth in the future, I should be known and recognized by the name **SAFDAR** and the surname **ALI.**